77

बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन, लि०,

"[illegible]", दारोगा राय पथ, आर०ब्लॉक, रोड नं० 2, पटना 800001

कार्यालय आदेश

निगम निदेशक पर्षद के संकल्प सं० 172 दिनांक 16.10.1974 द्वारा प्रबंध निदेशक महोदय को आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश, विशेष अवकाश तथा दक्षता रोक की स्वीकृति हेतु पूर्ण शक्ति प्रदत है।

उक्त के आलोक में निगम मुख्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी का उपार्जित अवकाश, रूपांतरित अवकाश, अव्यवहृत अवकाश, बार्षिक वेतन वृद्धि की स्वीकृति तथा पदाधिकारियों का आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा दी जाती है एवं कर्मचारियों के आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति संबंधित शाखा के प्रमुख/उप प्रमुख द्वारा दी जाती है।

निगम के जिला इकाई में पदस्थापित जिला प्रबंधक, प्रभारी जिला प्रबंधक, प्रभारी सहायक जिला प्रबंधक एवं प्रभारी सहायक लेखा पदाधिकारी का आकस्मिक अवकाश, उपार्जित अवकाश, रूपांतरित अवकाश, अव्यवहृत अवकाश एवं बार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा दी जाती है। जिलों में कार्यरत तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मियों का आकस्मिक अवकाश, उपार्जित अवकाश, रूपांतरित अवकाश, अव्यवहृत अवकाश एवं बार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति संबंधित जिला प्रबंधक द्वारा दी जाती है।

उपरोक्त के आलोक में निगम मुख्यालय एवं जिला कार्यालय के पदाधिकारियों/कार्मिकों के लिए निम्नांकित निदेश दिये जाते हैः-

क्र०	पद का नाम	अवकाश का प्रकार	स्वीकृति हेतु सक्षम पदाधिकारी
1	निगम मुख्यालय के प्रमुख/उप प्रमुख	आकस्मिक अवकाश	प्रबंध निदेशक
		उपार्जित अवकाश	
2	मुख्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ संवर्ग के कर्मी	आकस्मिक अवकाश	संबंधित शाखा के प्रमुख/उप प्रमुख।
		उपार्जित अवकाश	संबंधित शाखा के प्रमुख/उप प्रमुख के अनुशंसा के आलोक में प्रमुख प्रशासन।
3	निगम मुख्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का	वार्षिक वेतन वृद्धि	प्रबंध निदेशक
4	जिला प्रबंधक, प्रभारी सहायक जिला प्रबंधक, प्रभारी सहायक लेखा पदाधिकारी	आकस्मिक अवकाश	प्रबंध निदेशक
		उपार्जित अवकाश	
5	जिला स्तर के तृतीय एवं चतुर्थ संवर्ग के कर्मी	आकस्मिक अवकाश	जिला प्रबंधक
		उपार्जित अवकाश	
6	जिला इकाई में पदस्थापित जिला प्रबंधक/प्रभारी जिला प्रबंधक/प्रभारी सहायक जिला प्रबंधक एवं प्रभारी सहायक लेखा पदाधिकारी	वार्षिक वेतन वृद्धि	प्रबंध निदेशक
7	जिला स्तर के तृतीय एवं चतुर्थ संवर्ग के कर्मियों का	वार्षिक वेतन वृद्धि	जिला प्रबंधक
8	गोपनीय शाखा में पदस्थापित पी०ए०/पी०एस०/च०व०क०/ [illegible]	आकस्मिक अवकाश	प्रबंध निदेशक
		उपार्जित अवकाश	

ह०/-

प्रबंध निदेशक

ज्ञापांक-3:02:263:01:15 5036

दिनांक-28.04.16

प्रतिलिपि-सभी प्रभारी प्रमुख/सभी उप प्रमुख/डेस्क पदाधिकारी/कम्प्यूटर शाखा/गोपनीय शाखा/सभी कार्मिक, मुख्यालय एवं सभी जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रबंध निदेशक

letter01 04 16